बाल गंगाधर तिलक की 168वीं जयंती

स्रोत: पी.आई.बी

23 जुलाई को भारत ने बाल गंगाधर तिलक की जयंती मनाई तथा एक **स्वतंत्रता सेनानी और शिक्षाविद्** के रूप में उनकी विरासत का सम्मान किया।

- **व्यक्तिगत जीवन और विचारधारा:**
  - **बाल गंगाधर तिलक का जन्म जुलाई 1856 में महाराष्ट्र के रत्नागिरी** में हुआ था और उन्हें **भारतीय अशांति के जनक** की उपाधि दी गई थी ।
  - लोकमान्य तिलक पूर्ण स्वतंत्रता या **स्वराज्य (स्व-शासन)** के सबसे प्रारंभिक एवं सबसे मुखर प्रस्तावकों में से एक है।
  - **लाला लाजपत राय तथा बिपिन चंद्र पाल** के साथ ये लाल-बाल-पाल की तिकड़ी (गरम दल/उग्रपंथी दल) का हिस्सा थे।
- **सूरत विभाजन, 1907:**
  - लेकिन रास बिहारी घोष के निर्वाचित होने पर इसका विभाजन हो गया।
  - **वर्ष 1907 में सूरत में हुए विभाजन** के बाद **भारतीय राष्ट्रीय कॉन्ग्रेस (Indian National Congress- INC) उग्रवादी और उदारवादी दल** में विभाजित हो गई। मुख्यतः बॉम्बे प्रेसीडेंसी के उग्रवादियों ने अध्यक्ष के पद के लिये तिलक या लाजपत राय का समर्थन किया।
- **शिक्षा में योगदान:**
  - तिलक **डेक्कन एजुकेशन सोसाइटी** के संस्थापक (वर्ष 1884) थे, इसके संस्थापक सदस्यों में **गोपाल गणेश अगरकर** और अन्य भी शामिल थे।
  - इस सोसाइटी के माध्यम से तिलक ने **वर्ष 1885 में पुणे में फर्ग्यूसन कॉलेज** की स्थापना में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।

//

और पढ़ें: [बाल गंगाधर तलिक]()

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/168th-birth-anniversary-of-bal-gangadhar-tilak